दिन– गुरूवार दिनांक– 12/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने कहा – सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का लाभ मिलेगा।

02. उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – केन्द्र ने पंचायती राज संस्थाओं के लिए ग्यारह सौ सत्तर करोड़ रूपये से अधिक का अनुदान दिया।

03. राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन और मक्का की भी खरीद करेगी।

04. और, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में डेंगू के अंठानवे नये मामलों की पुष्टि। पटना में सबसे अधिक चौवालीस मरीज मिले।

---

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज देने को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि 70 वर्ष की आयु के ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजन के दायरे में लाया जाएगा और 70 साल के ऊपर के हर बुजुर्ग जो चाहे वो गरीब हो, चाहे माध्यम वर्ग के हो, चाहे उच्च–मध्यम वर्ग के हो, ये नया दायरा होगा, जिनको पांच लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी और इससे देश में करीब साढे चार करोड फैमिली, जिसमें करीब छह करोड सीनियर सिटीजन्स कवर होंगे।

केन्द्र सरकार ने इकतीस हजार तीन सौ पचास मेगावाट की जल विद्युत परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके लिए बारह हजार चार सौ इकसठ करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं। वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस से दो हजार इकतीस–बत्तीस तक इन योजनाओं को लागू किया जायेगा।

इधर, मंत्रिमंडल ने दो साल की अवधि में दस हजार नौ सौ करोड़ के परिव्यय के साथ पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट योजना को भी मंजूरी दे दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना में अब ई–वाउचर शामिल होंगे, जो इलेक्टिक वाहन खरीद प्रक्रिया को सरल बनायेंगे। इसके साथ ही केन्द्र

सरकार ने सार्वजनिक परिवहन प्राधिकरणों की ओर से ई–बसों की खरीद और संचालन के लिए दो हजार चौबीस–पच्चीस से दो हजार अट्ठाईस–उनतीस की अवधि के लिए पीएम ई–बस सेवा भुगतान सुरक्षा तंत्र योजना को भी मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने पच्चीस हजार असंबद्ध बस्तियों को जोड़ने के लिए प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना – चार के कार्यान्वयन का आदेश जारी किया है।

---

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मौसम पूर्वानुमानों और जलवायु संबंधी जानकारी में अधिक सक्षमता हासिल करने के लिए मिशन मौसम योजना को मंजूरी दे दी है। यह योजना दो वर्षों में दो हजार करोड़ रुपये के परिव्यय से लागू की जाएगी। इससे कृषि, आपदा प्रबंधन, रक्षा, पर्यावरण, विमानन, जल संसाधन, बिजली, पर्यटन, नौवहन, परिवहन, ऊर्जा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा।

---

केंद्र सरकार ने राज्य में पंचायती राज संस्थाओं के लिए ग्यारह सौ सत्तर करोड रूपये से अधिक का अनुदान दिया है। उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुशंसा पर यह अनुदान मिला है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, कचरा प्रबंधन और ओडीएफ जैसी बुनियादी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

---

राज्य की सभी ग्रामीण सड़कों का निरीक्षण किया जाएगा। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि अगले पंद्रह दिन में इस कार्य को पूरा किया जाएगा। इस संबंध में अधिकारियों और अभियंताओं को निर्देश दिया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि निर्धारित समय में निरीक्षण नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। श्री मीणा ने ग्रामीण सड़कों की पंचवर्षीय मरम्मत अवधि के तहत पैंसठ हजार किलोमीटर सड़कों की मरम्मत के भी निर्देश दिये।

---

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेसी सिंह ने कहा है कि खरीफ मौसम के लिए इस वर्ष नवंबर में धान की खरीदारी शुरू होगी। पटना में संवाददाताओं

से बातचीत में उन्होंने बताया कि राज्य सरकार धान और गेहूं के अलावा दलहन और मक्का की भी केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद करेगी। वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में तीस दशमलव आठ लाख मीट्रिक धान की खरीद की गयी।

---

राज्य में राशन कार्ड का ई–केवाईसी कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। खाद्य और उपभोक्ता विभाग के सचिव डॉ. एन सरवण ने बताया कि त्योहारों के मौसम में प्रवासियों के सुविधा के लिए यह अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडू और पुडूचेरी के अलावा अन्य सभी स्थानों पर रह रहे प्रवासी ई–केवाईस और आधार सिडिंग करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभी दो लाख पंद्रह हजार आवेदन जांच के लिए भेजे गए हैं। जल्द ही नए लोगों का राशन कार्ड बना दिया जाएगा।

---

कृषि विभाग खरीफ फसलों की क्षति पर बीस हजार रूपये तक का मुआवजा देगा। इसके लिए निबंधित किसान इकतीस अक्टूबर तक बिहार राज्य फसल सहायता योजना के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं, जो किसान ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकेंगे वे कॉल सेंटर पर फोन कर मदद ले सकते हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सारण जिले के मढौरा में बीस से अधिक योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें पॉलिटेक्निक कॉलेज छात्रावास, आईटीआई में बनी वर्कशॉप, बारह सड़क और पुल–पुलिया तथा अन्य योजनाएं शामिल हैं।

---

प्रदेश में दो दशकों से लंबित आरा मिल की वरीयता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रेम कुमार ने वन अधिकारियों को आरा मिल संचालकों को लाईसेंस जारी करने के निर्देश दिये हैं। आरा मिल से संबंधित विषय पर समीक्षा बैठक के दौरान इस साल अक्टूबर–नवम्बर में सभी चयनित आरा मिल संचालाकों को लाईसेंस निर्गत करने का फैसला लिया गया।

---

राज्य में उनतीस अक्टूबर से मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्य किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस दौरान अभियान चलाकर मतदाताओं के दावे और आपत्ति प्राप्त किए जायेंगे। सूची में नए नाम शामिल करने के लिए एक जनवरी दो हजार पच्चीस को योग्य मतदाता होने की आर्हता निर्धारित की गई है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अगले वर्ष छह जनवरी को किया जाएगा। इस बीच, अभी बूथ लेवल ऑफिसर, बीएलओ घर–घर जाकर मतदाता सूची के अनुसार मतदाताओं की पहचान कर रहे हैं। यह काम अठारह अक्टूबर तक किया जाएगा।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि विभिन्न मौसमी कारकों के प्रभाव से कल से प्रदेश में कई स्थानों पर अच्छी बारिश की संभावना है। विभाग ने कल गया, नवादा, जमुई, बांका और किशनगंज जिले में बारिश का अलर्ट जारी किया है, जबकि चौदह सितम्बर को कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल और गया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि आज पटना, समस्तीपुर, बेगूसराय, सीवान, बक्सर, भोजपुर, रोहतास और कैमूर समेत आस–पास के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

---

प्रदेश में डेंगू के नए मामले लगातार मिल रहे हैं। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अंठानवे नये मामलों की पुष्टि हुई है। पटना में सबसे अधिक चौवालीस नये मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार दो सौ अट्ठाईस मामले सामने आ चुके हैं।

---

बिहार डाक परिमंडल से जुड़ी डाक सेवाओं से संबंधित शिकायतों के निपटारे के लिए विभाग आगामी तीस सितंबर को डाक अदालत का आयोजन करेगा। पटना में मुख्य पोस्टमास्टर जनरल के कार्यालय स्थित सभाकक्ष में पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे से इसका आयोजन होगा। इच्छुक लोग अपनी शिकायतों के निष्पादन के लिए सत्रह सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन सहायक निदेशक, लोक शिकायत मुख्य पोस्टमास्टर जनरल कार्यालय, बिहार परिमंडल, पटना के नाम से स्पीड पोस्ट या निबंधित डाक से भेजा जा सकता है।

---

दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा–काजीपेट–बेल्लारशाह खंड पर लाईन कमिशनिंग कार्य के चलते बरौनी–एर्नाकुलम समेत इकतीस रेलगाड़ियां आठ अक्टूबर तक रद्द रहेगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि इसके चलते सिकन्दराबाद– दानापुर एक्सप्रेस समेत पांच रेलगाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। वहीं, त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने दिल्ली–दरभंगा, मुजफ्फरपुर–आनंद विहार, सियालदह–गोरखपुर और कटिहार–अमृतसर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। ये रेलगाड़ियां पांच अक्टूबर से एक दिसम्बर तक चलाई जायेंगी।

---

मोकामा स्थित राजेन्द्र सेतु पर आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। पुल निर्माण कंपनी के अनुसार स्पैन संख्या– बारह पर मरम्मत कार्य के कारण वाहनों का परिचालन बंद किया गया है।

---

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय खुला विश्वविद्यालय– इग्नू ने जुलाई सत्र के लिए नामांकन तिथि बीस सितम्बर तक बढा दी है। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

---

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में पटना के जे.डी. विमेन्स कॉलेज ने एएन कॉलेज को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। जे.डी. विमेन्स कॉलेज की खिलाड़ी दिव्या रंजन को बेस्ट रेडर का पुरस्कार मिला। गंगा देवी कॉलेज को तीसरे स्थान पर रही।

---

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत एमएसएमई विकास कार्यालय, पटना द्वारा कल से स्थानीय गांधी मैदान में प्रदर्शनी सह व्यापार मेले का आयोजन किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी इस मेले का उद्‌घाटन करेंगे। यह मेला पंद्रह सितम्बर तक चलेगा।

---

पूर्णिया जिले के अमौर प्रखंड के झौवारी पैक्स में डेढ करोड़ रूपये के धान खरीद के मामले में गबन के आरोपी नौ लोगों पर जलालगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। अमौर के सहकारिता पदाधिकारी सुजीत कुमार ने बताया कि जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है।

---

शिवहर जिले में वन विभाग ने सत्रह अवैध आरा मिलो को सील कर दिया है। वन विभाग के अधिकारी नवरत्न कुमार झा ने बताया कि अवैध आरा मिलों की मशीनों को जब्त कर लिया गया है। मिल मालिकों पर कार्रवाई की जा रही है।

---

नालंदा जिले में पुलिस ने लूट के ट्रक के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

अररिया जिले की बौंसी थाना पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के सिकटा थाना क्षेत्र में पुलिस ने दस हजार रूपये जाली नोट के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने पटना बम ब्लास्ट मामले में उच्च न्यायालय के फैसले को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है – चार दोषियों की सजा फांसी से तीस साल कैद में बदली। नरेन्द्र मोदी की दो हजार तेरह में गांधी मैदान रैली के दौरान हुए थे सिलसिलेवार धमाके।

**दैनिक जागरण** ने गृह मंत्री अमित शाह के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है – देश विरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वालों के साथ खड़े होना राहुल की आदत।

**दैनिक भास्कर** का शीर्षक है – राज्य में मृत लोगों के नाम पर भी ले रहे थे अनाज, सोलह करोड़ सैंतीस लाख राशन कार्ड रद्द। ई– केवाईसी से हुआ खुलासा।

**प्रभात खबर** ईडी की एक कार्रवाई पर लिखता है – संजीव और गुलाब से जुड़े कोलकाता, दिल्ली और मुंबई के तीन लोगों के ठिकानों पर दबिश।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. केन्द्र सरकार ने कहा – सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का लाभ मिलेगा।

02. उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – केन्द्र ने पंचायती राज संस्थाओं के लिए ग्यारह सौ सत्तर करोड़ रूपये से अधिक का अनुदान दिया।

03. राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन और मक्का की भी खरीद करेगी।

04. और, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में डेंगू के अंठानवे नये मामलों की पुष्टि। पटना में सबसे अधिक चौवालीस मरीज मिले।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।